राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण-पत्र

चर्चा में क्यों?

31 दसिंबर, 2021 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परविार कल्याण मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने वाले छत्तीसगढ़ के 7 सरकारी अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक **(NQAS – National Quality Assurance Standard)** प्रमाण-पत्र प्रदान कयिा गया है।

प्रमुख बदिु

- इसके साथ ही कोंडागाँव ज़िला अस्पताल को प्रसव कक्ष और मैटरनटिी ऑपरेशन थयिेटर की उत्कृष्ट सुवधिाओं तथा प्रसूताओं एवं गर्भवती महलिाओं की अच्छी देखभाल के लयि 'लक्ष्य' प्रमाण-पत्र **(LaQshya Certification)** प्रदान कयिा गया है।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रदेश के दो ज़िला अस्पतालों, दो प्राथमकि स्वास्थ्य केंद्रों तथा तीन शहरी प्राथमकि स्वास्थ्य केंद्रों को गुणवत्ता प्रमाण-पत्र से नवाजा है।
- भारत सरकार द्वारा मुंगेली ज़िला चकित्सिालय और नारायणपुर ज़िला चकित्सिालय को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान कयिा गया है।
- वहीं बलौदाबाज़ार-भाटापारा ज़िले के कटगी और गरयिाबंद के कोपरा प्राथमकि स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र मलिा है।
- रायपुर के राजातालाब और हीरापुर शहरी प्राथमकि स्वास्थ्य केंद्र तथा सरगुजा ज़िले के नवापारा शहरी प्राथमकि स्वास्थ्य केंद्र को भी राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र से नवाज़ा गया है।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मशिन, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लयि स्वास्थ्य कर्मयिों के नयिमति प्रशकि्षण के बाद अस्पतालों का आंतरकि तथा राज्य स्तरीय मूल्यांकन, सेवा प्रदाय ऑडटि तथा पेशेंट संतुष्टसिर्वे की प्रक्रयिा की जाती है।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम द्वारा वगित नवंबर माह में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र और 'लक्ष्य' प्रमाण-पत्र के लयि चयनति अस्पतालों का नरीक्षण कर वहाँ मरीजों के लयि उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण कयिा गया था। उन्होंने इस संबंध में मरीजों से भी फीडबैक लयिा था।
- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र और 'लक्ष्य'प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व वशिषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टसि्तर का कई मानकों पर परीक्षण कयिा जाता है। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी कयि जाते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-quality-assurance-certificate